# संदेश

पैगम्बर मुहम्मद के जन्मदिन के उपलक्ष में मनाए जाने वाले मिलाद-उन-नबी के पाक मौके पर, मैं सभी देशवासियों, विशेष रूप से हमारे मुस्लिम भाइयों और बहनों को मुबारकबाद देती हूं।

पैगम्बर मुहम्मद ने लोगों को एकता और मानवता की सेवा का संदेश दिया था। यह त्योहार हमें उनकी शिक्षाओं को अपनाने और समाज में शांति और सद्भाव को बढ़ावा देने की प्रेरणा देता है।

आइए, इस पावन अवसर पर हम पैगम्बर मुहम्मद की शिक्षाओं से प्रेरणा लेते हुए प्रेम और भाईचारे की भावना से आगे बढ़ते रहें।

*********